दिनांक 11 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने ली विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं जनता से जुड़े हुए प्रमुख मुद्दों के विषय में विभाग वार समीक्षा बैठक महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने ली! दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक चली बैठक में सर्वप्रथम राजस्व विभाग एवं स्थापना विभाग की समीक्षा की गई जिसमें उपायुक्त अशोक द्विवेदी उपस्थित हुए! श्री यादव ने राजस्व बढ़ाने को लेकर चर्चा की एवं स्पैरो कंपनी को वसूली के संबंध में नोटिस देने कहा साथ ही वसूली बढ़ाने के लिए पृथक से बैठक करने के निर्देश दिए । समस्त जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा कि बारिश से पूर्व समस्त नालों की सफाई हो जानी चाहिए साथ ही डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन का कार्य जल्द ही पूर्ण हो जाना चाहिए कोई भी क्षेत्र इससे वंचित ना हो इसका भी ध्यान रखें टैंकर मुक्त शहर बनाने की दिशा में कार्य किया जाना है , इसके लिए आयुक्त महोदय ने समस्त जोन से टैंकर मुक्त शहर बनाने की कार्य योजना की जानकारी मांगी , जोन क्रमांक 3 के आयुक्त ने सर्वे कर पीडीएमसी के रिपोर्ट के माध्यम से जानकारी से अवगत कराने के बात कहीं! श्री यादव द्वारा मेट्रो सिटी की तर्ज पर यूनीपोल लगाने हेतु राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया , जिसमें निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी विज्ञापन यूनीपोल के माध्यम से प्रचारित की जा सके! स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मौसमी बीमारी से बचाव के रोकथाम , कुत्ता पकड़ने एवं सूअर पकड़ने की कार्य योजना , डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम तथा बारिश से पूर्व संपूर्ण सफाई के बारे में जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए दो टूक लहजे में कहा कि सफाई से संबंधित सारे कार्य समय पर हो जाने चाहिए , बीमारियों के आगमन का इंतजार ना करें इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी! राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अधिकारी/कर्मचारियों पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन आप लोगों के द्वारा नहीं किया जा रहा है , न ही इतनी महत्वपूर्ण योजना की कोई कार्ययोजना आप लोगों के द्वारा तैयार की गई है , समीक्षा बैठक में भी कोई जानकारी लेकर उपस्थित नहीं हुए हैं ऐसे में आप लोगों से चर्चा करना सार्थक नहीं होगा इसलिए दिए गए निर्देशों का पालन करें तत्पश्चात उपस्थित हो, इसकी समीक्षा बैठक पृथक से की जावेगी , राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से उपस्थित कोई भी अधिकारी श्री यादव के सवालों के जवाब नहीं दे सके , श्री यादव ने निर्देशित करते हुए आयुक्त श्री सुंदरानी को कहा कि इनके विभाग को जहां से इनकी नियुक्ति हुई है को शिकायती पत्र भेजकर इनके कार्यों से अवगत करावे ताकि कार्यवाही की जा सके! चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण को लेकर भी चर्चा की गई जिसमें ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे इसके लिए भी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए , आगे कहा कि इस तरह से चौक का सौंदर्यीकरण हो कि दूर से ही आकर्षण का केंद्र बने! जल विभाग की समीक्षा करते हुए श्री यादव ने कहा कि वितरण पाइप लाइन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लें क्योंकि राइजिंग पाइप लाइन का कार्य 90% तक

पूर्ण किया जा चुका है, वाटर कनेक्शन लगाने से लेकर वाटर मीटर एवं टोटी का कार्य भी प्रमुखता से गुणवत्ता पूर्वक करें, शिवनाथ इंटकवल में अब कोई खराबी न हो पूरे सिस्टम को अपडेट करें , जिसकी प्रगति रिपोर्ट मुझे समय-समय पर देवे! निगम आयुक्त एसके सुंदरानी ने जल विभाग के अधिकारियों को कहा कि नल कनेक्शन एवं वाटर मीटर लगाए गए लोगों की सूची स्पैरो कंपनी को देवें ताकि जल कर की वसूली का कार्य उनके द्वारा किया जा सके! श्री यादव ने कहा कि अब मैं आयुक्त श्री सुंदरानी के साथ संयुक्त रूप से किसी भी जोन क्षेत्र में जाकर समीक्षा करूंगा! इसके अलावा गरीबी उपशमन ,पेंशन विभाग, वाहन विभाग, भवन संधारण, भवन अनुज्ञा, शिक्षा युवा एवं खेल कल्याण , अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, गुमास्ता, जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग , पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग , संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण, एवं आवास गुमटी विभाग की समीक्षा की! समीक्षा बैठक में महापौर परिषद के सदस्य लोक कर्म प्रभारी नीरज पाल , स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू एवं जोन के अधिकारी कर्मचारी सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!